बून्दी टेलेन्ट शो कार्यक्रम हुआ संपन्न

बून्दी,। बून्दी महोत्सव 2024 के तहत शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित बून्दी टेलेन्ट शो कार्यक्रम उद्योग मेला कुंभा स्टेडियम में बडी धूमधाम से संपन्न हुआ। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग मेला प्रबंधक संजय भारद्वाज रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. महावीर कुमार शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार व्यास, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ओम गोस्वामी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी युवराज सिंह, सहायक निदेशक धनराज मीणा, महिला अधिकारिता से भैरू प्रकाश नागर, समाजसेवी महेश पटौदी रहे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मां सरस्वती पूजन, द्वीप प्रज्ज्वलन, मातृ वंदना द्वारा हुई तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। टैलेंट शो कार्यक्रम प्रभारी सुनिता कटारा, राजेश चतुर्वेदी एवं सह प्रभारी जेपी त्रिपाठी ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत 26 कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें बून्दी की 125 से अधिक प्रतिभाओं ने अलग-अलग विधाओं में अपनी कला का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होने बताया कि एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य, कविता पाठ, बांसुरी वादन, तबला वादन, ढ ोलक वादन, मोरचंग वादन, योगा प्रदर्शन आदि की प्रस्तुतियों ने सभी का मनमोह लिया।

गृह राज्य मंत्री ने विद्यालय मे नए भवन का किया लोकार्पण

डीग (निस)। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ्म गुरुवार को डीग जिले के नगर व कामां के दौरे पर रहे। उन्होंने पूरे विधान के साथ विशेष पूजा अर्चना कर बाल भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय नगर के नए भवन का लोकार्पण किया। भवन के लोकार्पण के दौरान रामायण का भी पाठ हुआ। डीग जिले में कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास,

- **नगर की जनता को मिला बड़ा तौहफा पंचायत समिति भवन नगर का किया जीर्णोद्धार**



जवाहर सिंह बेढ्म ने बाल भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय नगर के नए भवन का लोकार्पण किया।

उद्घाटन और लोकार्पण गृह राज्य मंत्री द्वारा किया जा रहा है। राज्य सरकार बजट 2024-25 में अंकित एक-एक कार्यों को पूर्ण कर आमजन को खुशियों की सौगात देने की कवायद में जुट गई है। शिक्षा के क्षेत्र में नया आयाम लिखते हुए नगर में एक नवनिर्मित भवन के रूप में नई सौगात दी है।

इस दौरान गृह राज्य मंत्री ने विद्यालय का दौरा किया और मौजूद छात्र-छात्राओं से बातचीत की। उन्होंने विद्यालय में दी जा रही उच्च स्तरीय शिक्षा की प्रशंसा की और कहा कि भजनलाल सरकार ने बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता पर रखा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में सरकार लगातार शिक्षा को पहली प्राथमिकता पर रखती है।

इसके पश्चात राज्य मंत्री बेढ्म ने नगर पंचायत समिति का जीर्णोद्धार किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना।

गृह राज्य मंत्री ने कहा कि पंचायत समिति के जीर्णोद्धार होने से आमजन को आवश्यक कार्यों को करवाने वे सुविधा मिलेगी। साफ सफाई होने से स्वच्छ भारत मिशन को भी बढ़ावा मिलेगा।

साथ ही जन स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। गृह राज्य मंत्री ने लोगों को प्लास्टिक के उपयोग के हानियों के बारे में जागरूकता पैदा करने और उनके समुदायों में कचरा विभाजन के अभ्यास के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी को स्वच्छता को एक आदत बनाने का आग्रह किया और उन्हें अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने का प्रतिज्ञा करने में अग्रसर किया, यह बल देते हुए कि स्वच्छता एक सामूहिक, जीवनभर की जिम्मेदारी है।

आशान्वित ब्लॉक खानपुर को मिली 7वीं रैंक

झालावाड़। नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्पूर्ण देश से 500 ब्लॉक एवं राज्य से 27 ब्लॉकों का चयन आशान्वित ब्लॉक की श्रेणी में किया गया है। मुख्य आयोजना अधिकारी विनोद कुमार मीणा ने बताया कि झालावाड़ जिले से खानपुर ब्लॉक का चयन हुआ है। इसके अन्तर्गत उक्त ब्लॉकों में सुधार हेतु आयोग द्वारा 39 संकेतकों का चयन किया गया है जो कि प्रमुखत: विभिन्न विभागों (जिला परिषद, चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, राजीविका, डी.ओ.आई.टी., स्वच्छ भारत मिशन इत्यादि) से संबंधित है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-2024 के अन्तर्गत मार्च तक की रैंकिग के तहत पूरे भारत वर्ष में जिले के आशान्वित ब्लॉक खानपुर को 7वीं रैंक एवं राज्य में तीसरी रैंक प्राप्त हुई है। उक्त आशान्वित ब्लॉक की स्थिति में सुधार हेतु जिला स्तर पर जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में प्रत्येक माह बैठक का आयोजन कर उक्त 39 संकेतकों की प्रगति की समीक्षा की जा रही है एवं ब्लॉक स्तर पर उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक बैठक में भी संकेतकों की प्रगति की समीक्षा की जा रही है।

सार-समाचार

जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

भरतपुर (निस)। एक बार फिर से आवासहीन जन संघर्ष समिति के बेनर तले आवास की मांग को लेकर काफी संख्या में आवासहीन महिला व पुरूषों ने जिला कलेक्ट्रेट के गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिसके बाद कामरेड नत्थी लाल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आवासहीन लोगों को आवास उपलब्ध कराने की मांग की। आवासहीन महिला पुरूषों के द्वारा करीब चार वर्ष से आवास उपलब्ध कराने के लिए ज्ञापन प्रदर्शन का दौर जारी है। इस मौके पर कामरेड नत्थी लाल ने आवासहीन लोगों को सम्बोधित करते हुए बताया कि बडे अफसोस की बात है कि भरतपुर शहर में हजारों लोग ऐसे हैं जो पिछले 50 सालों से किराये पर रहते आ रहे हैं। उनके पास इस आजाद भारत में न खुद की जमीन है और न सर छिपाने को मकान है। इस मंहगाई के दौर में जहां गुजारे के लाले पडे हैं और भंयकर बेरोजगारी है मकानों का किराया चुकाना इन लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। इस आन्दोलन के करीब साढे चार साल हो चुके है। लेकिन समस्या का समाधान कराने के झूठे आश्वासनों के जरिये आन्दोलन में ठहराव आ गया। लेकिन अब आन्दोलन पुन: नये सिरे से शुरू किया जा रहा है और उसे समाधान तक चलाया जावेगा। इस मौके पर प्रदर्शन का नेतृत्व काम नत्थीलाल, कलुआ, भगवानदास, अशोक कपूर, भीकम चंद, नजमा, गुडडी वानो, पूनम, मुकेश, बवीता सिंह आदि ने किया।

काली शोभायात्रा में उमड़े दर्शक

कामां भरतपुर (निस)। कामवन रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव के 15वें दिन कामां के प्रसिद्ध कालका मंदिर से काली की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें पहली बार काली के स्वरूप में कामां के स्थानीय कलाकार विशाल शर्मा ने शानदार अभिनय करके हजारों दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। काल भैरव, लाल भैरव, लांगुरिया और जोगनी के साथ जब उन्होंने शोभायात्रा के रास्तों में शानदार नृत्य करके खेल दिखाया तो दर्शक वाह वाह कर उठे। काली की शोभायात्रा का आयोजन दृश्य संयोजन प्रभारी शंकर लाल बिजली वाले ने किया। इस अवसर पर सहयोगी कलाकारों के रूप में सीताराम शर्मा, युवराज कटारा, निखिल कटारा, जीतू सैनी, हर्षवर्धन पाराशर, डाल चंद, अभय सिंह, वरुण आदि ने भूमिका निभाई। कामां के मुख्य मार्ग में लोगों ने काली की आरती उतार कर जगह-जगह स्वागत किया। इस अवसर पर मथुरा दरवाजा के कामेश्वर मोहल्ला के सैनी समाज की ओर से पटेबाजी का प्रदर्शन किया गया। बैंड बाजों के साथ निकली काली की शोभायात्रा को अंत में रामलीला के मंच पर पधराया गया। जहां काली का शानदार नृत्य प्रस्तुत किया गया।

भरतपुर के पदाधिकारियों की बैठक हुई

भरतपुर (निस)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिला शाखा भरतपुर की जिला महासमिति एवं समस्त विभागीय जिला अध्यक्ष, जिला मंत्री, तृतीय सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक मंत्री व समस्त महासंघ पदाधिकारियों की जिला अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद प्रथम बैठक भरतपुर तहसील के मीटिंग हॉल में 24 नवंबर 2024 रविवार को दोपहर 12.15 पर आयोजित होगी। संयुक्त महासंघ के मीडिया प्रभारी प्रेम मंगल ने बताया कि राज्य कर्मचारी महासंघ भरतपुर की प्रथम बैठक जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी, उन्होने बताया कि बैठक में समस्त महासंघ पदाधिकारियों का परिचय कराया गया। जिसके बाद शपथ ग्रहण समारोह पर चर्चा की गई। महासंघ ब्लॉक अध्यक्ष के निर्वाचन पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों के दायित्व निर्वहन एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जिलाअध्यक्ष की अनुमति से चर्चा की जाएगी। बैठक में राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिला भरतपुर के सभी विभागो के पदाधिकारी, इकाई एवं ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी गण शामिल होंगे।

के.आर मीना होंगे मिजोरम के मुख्य सचिव

भरतपुर (निस)। जिले की भुसावर तहसील के गांव निठार के खिल्लीराम मीना, आईएएस को भारत सरकार ने मिजोरम का मुख्य सचिव बनाया है। जानकारी देते हुए राष्ट्रीय मीणा महासभा के प्रदेश संगठन सचिव भूपेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि यह भरतपुर सहित राजस्थान के लिए गर्व महसूस करने वाले पल है कि केआर मीना को मिजोरम के मुख्य सचिव पद की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। केआर मीना के बारे में उन्होंने बताया कि खिल्लीराम मीना, 1993 बैच के एजीएमयूटी कैडर के आईएएस अधिकारी है।, जिनके पास प्रशासन के विभिन्न क्षेत्रों और भौगोलिक क्षेत्रों जैसे राजस्थान, अरुणाचल प्रदेश, दिल्ली एनसीटी, पुदुचेरी और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में कार्य करने का व्यापक और विविध अनुभव है। इस अवसर पर रामस्वरुप, सहदेव सिंह, प्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह, बीरी सिंह, विक्रम नवल, निहाल सिंह, राजेन्द्र सिंह, जगदीश मीणा, मुफ्तलाल सलेमपुर, रामफल झारोटी, रामावतार, प्रेम कुमार, भरतसिंह, डॉ योगेन्द्र सिंह, विजेन्द्र सिंह सहित अन्य टीम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

निगम प्रशासन की कार्यवाही की निंदा की

भरतपुर (निस)। नगर निगम प्रशासन के द्वारा अलसुबह व्यापारियों की दुकानों के बाहर रखे तख्त व टिनशेड को तोडने की कार्यवाही को लेकर व्यापारी लामबंद हो गए है। व्यापारियों के द्वारा नगर निगम प्रशासन की कार्यवाही के बाद अग्रवाल भवन पर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष भगवान दास बंसल की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में व्यापारियों के द्वारा नगर निगम प्रशासन की कार्यवाही की कडी निंदा की। उन्होंने कहा कि नगर निगम प्रशासन के द्वारा आताताईयों की तरह कार्यवाही की गई। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष भगवान दास बंसल ने कहा कि नगर निगम प्रशासन को अगर कार्यवाही करनी थी तो व्यापारियों के चालान काटे जा सकते थे। लेकिन जिस प्रकार नगर निगम प्रशासन के द्वारा व्यापारियों के बेंचों और टिन शेड को तोडने की कार्यवाही की गई वह गलत है। जिसे लेकर व्यापारियों के द्वारा निर्णय लिया गया कि व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल जिला प्रशासन से इस संबंध में वार्ता करेगा।

विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करवाने की मांग

भरतपुर (निस)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान के प्रवक्ता योगेश सिंघल ने शहर की विद्युत अव्यवस्था के संबंध में गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए जिला कलेक्टर से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। प्रदेश प्रवक्ता योगेश सिंघल ने बताया कि सेवर रोड, लोहागढ़ स्टेडियम के गेट नंबर 2 के सामने से लेकर आरटीओ ऑफिस मोड तक लगभग एक माह से, डिवाइडर पर लगे हुए विद्युत खंभों की लाइट बिलकुल बंद है। गौरतलब है कि इस जगह दीपावली का त्यौहार भी अंधेरे में निकला है। विभागीय लापरवाही इतनी ज्यादा है।

चार दिन बाद नदी में युवक का शव मिला

करौली, (नि.सं.)। करौली के कलेक्ट्रेट सर्किल निवासी एक युवक का चार दिन बाद शव मिला। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार कर दिया। गत चार दिन पूर्व रविवार को रात आठ बजे युवक शशांक गायब हुआ था। उसकी घर वालों ने जगह-जगह तलाश की तो उसकी मोटरसाइकिल करौली-हिंडौन सड़क मार्ग स्थित पांचना पुल के पास मिली।

- **मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार किया**

इसके बाद परिजनों द्वारा पुलिस प्रशासन तथा सिविल डिफेंस टीम को जानकारी दी गई। सिविल डिफेंस टीम तत्काल सिविल डिफेंस इंचार्ज प्रदीप कुमार के नेतृत्व में मौके पहुंची। सिविल डिफेंस इंचार्ज प्रदीप कुमार ने बताया कि लगातार गहन रेस्क्यू के दौरान सिविल डिफेंस टीम को बुधवार को डीप डाइव सर्च करते हुए शव का सुराग लगा तथा परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के द्वारा शशांक की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस प्रशासन की मदद से तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने इसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक शशांक शर्मा (22) पुत्र घनश्याम शर्मा पुरानी कलेक्ट्री निवासी था। इस मौके पर सिविल डिफेंस इंचार्ज प्रदीप कुमार के नेतृत्व में सिविल डिफेंस के सदस्य जयदेव, अखलाक, रामअवतार, फरमान, लोकेंद्र, बालकृष्ण, बृजभूषण, पुष्पेंद्र, ऋषि सैनी, ललित, भूपेंद्र, तरुण दुबे आदि का सहयोग रहा।

बैठक संपन्न

भरतपुर (निस)। डॉ यशपाल उर्मिलेश आर्य आदर्श विद्या मंदिर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाहर नगर में आज विद्वत एवं शोध परिषद की बैठक संपन्न हुई। जिसमें क्षेत्रीय विद्वत परिषद प्रमुख बृजेश कुमार गुप्ता एवं विद्या भारती संस्थान जयपुर के निरीक्षक अरुण कुमार दुबे का मार्गदर्शन मिला। जिला समिति के व्यवस्थापक मल्ल सिंह एवं अध्यक्ष योगेंद्र भानु तथा जिला सचिव संतोष कटारा भी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय विद्वत परिषद प्रमुख बृजेश कुमार गुप्ता ने विद्या भारती के चार आयाम की चर्चा की तथा भारतीय विचार दर्शन समाज में पहुंचने, विद्यालय की गुणवत्ता विकास के लिए शोध करने की बात कही। विद्यालय का शैक्षिक स्तर में सुधार करवाना, विभिन्न गतिविधियों के प्रशिक्षण होने चाहिए। आदर्श विद्यालय बनाने हेतु कार्य करने चाहिए इन विषयों पर चर्चा की गई। प्रांत निरीक्षक ने विद्वत एवं शोध परिषद की शैक्षिक उन्नयन में भूमिका पर प्रकाश डाला। बैठक में विद्वत एवं शोध परिषद के जिला संयोजक तथा 14 सदस्य उपस्थित रहे।

ठगी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया

करौली, (निसं)। करौली साइबर थाना पुलिस ने फर्जी कंपनी बनाकर ठगी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी ने एक प्रसिद्ध कंपनी की मैंबरशिप लेकर ऑनलाइन सहायता करने के बहाने ठगी की थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

करौली साइबर थाना अधिकारी हरिराम मीणा ने बताया कि आरोपी दीपक सोनी पुत्र बजरंग लाल सोनी निवासी हनुमान वाटिका हाथोज कालवाड़ रोड झोटवाड़ा जयपुर को ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया है।

आरोपी ने एक ऑनलाइन कंपनी की मैंबरशिप लेकर फर्स्ट डिजिटल एक्सपर्ट नाम से अपनी कंपनी बनाई। आरोपी के पास रोज करीब 70-80

- **आरोपी ने एक कंपनी की मैंबरशिप लेकर ऑनलाइन सहायता करने के बहाने ठगी की थी**
- **आरोपी के पास रोज 70-80 अनजान लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए फोन करते थे**

अनजान लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए फोन करते थे। आरोपी उनसे प्रोसेसिंग फीस के नाम पर मोटी रकम अपनी पत्नी और परिचितों के बैंक खाते में डलवा लेता था। साथ ही लोगों की समस्याओं को समाधान भी नहीं करता था।

लोगों को झांसे में लेने के लिए आरोपी अलग-अलग नंबरों की सिम का इस्तेमाल करता था, जिसे जो लोग काम कराने के लिए सहमत नहीं होते थे, उनके नंबरों को आरोपी अपने साथी शिवम बंसीवाल को बेच देता था। जिसके एवज में वह रोज 1 हजार से 1500 रुपए यूपीआई के माध्यम से लेता था।

आरोपी की गिरफ्तारी में महिला कॉन्स्टेबल रेनू शर्मा की मुख्य भूमिका रही है।

कार्रवाई में थानाधिकारी के साथ डीएसटी टीम प्रभारी धारासिंह, कॉन्स्टेबल रामदास, कुलदीप, ललित, रन्नो, देशराज और हैड कॉन्स्टेबल नेत्रेश शर्मा आदि शामिल रहे।

जनसुनवाई मेअनुपस्थित अधिकारियों को 17 सीसीए के तहत चार्जशीट

करौली (नि.स.)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 90 से 180 दिन के प्रकरण, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभाग कार्यालय, मानवाधिकार आयोग से प्राप्त प्रकरणों का अधिकारी समय सीमा मे निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन को राहत मिले। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान वन विभाग के उप वनसंरक्षक सुमित बंसल, वाईल्ड लाईफ के उप वन संरक्षक पीयुष शर्मा, महिला एवं बाल विकास के उप निदेशक सत्यनारायण नावरिया, माईनिंग विभाग के खनिज अभियंता धर्मसिंह मीणा, देवस्थान विभाग के निरीक्षक को 17 सीसीए के तहत चार्जशीट देने के निर्देश दिये जिला कलेक्टर गुरूवार को कलेक्टेट स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में आयोजित जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें जिससे परिवादी की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं उपखंड अधिकारियों को हिदायत दी कि वे आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें तथा उनके निस्तारण के संबंध में की गयी कार्यवाही की सूचना को शीघ्रता से भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान लोन दिलवाने, नामांतरण खुलवाने, आरओ प्लांट शुरू करवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम जुडवाने, अवैध खनन को रोकने, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने, सडक बनवाने, साफ-सफाई करवाने सहित पुलिस, राजस्व, नगर परिषद सहित विभिन्न विभागों के प्रकरण प्राप्त हुए जिनका शीघ्र निस्तारण करते हुए अधिकारीयों को निर्देश दिये। इस दौरान सर्तकता समिति में दर्ज प्रकरणों की भी समीक्षा की गई एवं प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता जौहरी लाल मीणा, पीएचईडी के अधीक्षण अभियन्ता परशुराम वर्मा, सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीना, सहकारिता, सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

जिला स्तरीय वंदना प्रतियोगिता आयोजित

भरतपुर (निस)। आदर्श विद्या मंदिर समिति भरतपुर द्वारा श्री चुन्नीलाल चावला मध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर रणजीत नगर भरतपुर में जिला स्तरीय वंदना प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा शर्मा के अनुसार इस प्रतियोगिता में भरतपुर जिले के 6 संकुलों की 140 बहिनों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में श्री चुन्नीलाल चावला माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर रणजीत नगर की बहिनों ने प्रथम, आदर्श विद्या मंदिर डीग की बहिनों ने द्वितीय एवं आदर्श विद्या मंदिर उच्चेन की बहिनों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आदर्श विद्या समिति के जिला सचिव संतोष कटारा ने वंदना को विद्यालय का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए कहा कि प्रभावी वंदना केवल बालकों के मन मस्तिष्क को ही नहीं बल्कि समाज का वातावरण भी सकारात्मक बनाती है। निर्णायक के रूप में नीतू शर्मा, प्रमिला एवं शकुन सोनी उपस्थित रही। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष शंकर लाल अग्रवाल एवं व्यवस्थापक धनेश वर्मा, प्रांत सह संगीत प्रमुख चैतन्य प्रकाश, जिला संगीत प्रमुख राजेश शर्मा, रणजीत नगर संकुल के प्रमुख धर्मेंद्र कुमार गुप्ता एवं अन्य विद्यालयों से आए आचार्य आचार्या उपस्थित रहीं।

'परीक्षा का परिणाम घोषित करे सरकार'

भरतपुर (निस)। शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश में संचालित 134 विवेकानंद मॉडल स्कूल एवं 3737 महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में अध्यापक से लेकर प्रधानाचार्य के रिक्त पदों को भरने हेतु विभाग में सेवारत शिक्षकों से आवेदन लेकर 25 अगस्त 2024 को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। निदेशक माध्यमिक शिक्षा की ओर से कार्मिक द्वारा वर्तमान पदस्थापित जिले का विकल्प दिए जाने पर उस जिले में चयन पदस्थापन हेतु 10 अतिरिक्त बोनस अंक देने का प्रावधान लागू किया गया था जिसके कारण प्रकरण उच्च न्यायालय में चला गया जिसके बाद माननीय न्यायालय ने बोनस अंक देने के प्रावधानों को गलत मानते हुए परीक्षा परिणाम जारी करने के निर्देश दिए हैं। लेकिन माननीय न्यायालय के निर्णय के बाद भी विभाग की ओर से परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया जा रहा है। ऐसे में इंग्लिश मीडियम स्कूलों में शिक्षा सत्र के साढे चार महीने बाद भी शिक्षक उपलब्ध नहीं होने से छात्रों की शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इस बीच शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश के स्कूलों में अधिशेष चल रहे शिक्षकों को 6 दिसंबर तक समायोजन करने के आदेश जारी किए हैं। अधिकतर जिलों में अधिशेष शिक्षकों में से बड़ी संख्या में इंग्लिश मीडियम स्कूलों के लिए परीक्षा दी है। ऐसे में समायोजन के बाद परीक्षा परिणाम जारी कर इंग्लिश मीडियम स्कूल में पोस्टिंग देने से फिर से शिक्षा विभाग को इन स्कूलों से अधिशेष शिक्षकों के समायोजन की प्रक्रिया अपनानी पड़ेगी। अर्धवार्षिक परीक्षाएं भी निकट हैं और 17500 के लगभग शिक्षकों के पद खाली होने से महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ाई चौपट हो रही है जिसका खामियाजा बच्चों को भुगतना पड रहा है। शिक्षक नेता राजवीर सरसैना ने बताया समायोजन से पूर्व महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल का परीक्षा परिणाम जारी करना चाहिए ताकि सरकार को दोहरा पदस्थापन नहीं करना पड़े और अर्धवार्षिक परीक्षाओं से पहले शिक्षकों का अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में पदस्थापन कर पढ़ाई सुचारू रूप से जारी रख सके।

कार्यक्रम का आयोजन

भरतपुर (निस)। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय, भरतपुर की एनएसएस की चारो ईकाईयों के स्वयंसेवकों के द्वारा कौमी एकता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य, डॉ. हरबीर सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में प्राचार्य ने सभी स्वयंसेवकों से कौमी एकता की मूल भावना को समझाया तथा स्वयंसेवकों से मूल भावना को अपने जीवन में अपनाने का आव्हान किया।

कलेक्टर के निर्देश पर आधे घंटे के भीतर दिया कन्यादान योजना का लाभ

डीग (निस)। जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल द्वारा गुरुवार को पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से संबंधित प्रकरण सामने आया जिसमें एक साल से मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत लाभ दिलाने के लिए आवेदन दिया गया था। परंतु विभाग द्वारा प्रकरण पर स्वीकृति दिए जाने के बाद भी परिवादी को योजना का लाभ नहीं मिला। परिवादी विशेष योग्यजन है और किसी भी प्रकार का संसाधन अथवा भूमि उनके पास नहीं है।

जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि भरतपुर से नवीन जिला डीग गठित होने के पश्चात डीग के आवेदन पत्र पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहे थे। जिसके कारण परिवादी को लाभ नहीं दिया जा सका। जिला कलेक्टर ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि वे संबंधित अधिकारी से समन्वय कर जनसुनवाई के दौरान ही परिवादी को राहत प्रदान करें। अधिकारी के हरकत में आने के बाद प्रार्थी को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ स्वयं कलेक्टर के हाथों से मिला। जिला कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी अपने से ही पहल कर के आमजन की समस्या

जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल द्वारा गुरुवार को पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई।

का निस्तारण करवाए। ताकि पात्र व्यक्तियों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़े। इस दौरान कुल 13 परिवाद दर्ज किए गए जिनमें खाद्य सुरक्षा, बंटवारे, राजस्व में नाम शुद्धिकरण, चम्बल प्रोजेक्ट की लाइन डालने सहित अन्य परिवाद आए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का उद्देश्य सभी वर्गों के बीपीएल परिवार, विधवा की पुत्रियों, विशेष योग्यजन माता-पिता की पुत्रियों, आस्था कार्डधारी परिवार की पुत्रियों, पालनहार योजना में लाभान्वित पुत्री, अनाथ कन्या एवं महिला खिलाडी की स्वयं के विवाह पर उक्त परिवारों को आर्थिक सम्बल प्रदान करना है। योजना के अंतर्गत न्यूनतम देय राशि 21000 रुपए है एवं दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होने पर देय राशि 31000 रुपए है। वही स्नातक उत्तीर्ण होने पर 41000 की राशि देय होती है। गौरतलब है कि एससी, एसटी, अल्पसंख्यक वर्ग के बीपीएल आवेदक को 10000 अतिरिक्त सहायता दी जाती है। आवेदक आवेदन की प्रक्रिया ईमित्र सेंटर के माध्यम से एसजेएमएस पोर्टल पर ऑनलाइन कर सकते हैं। अधिकतम दो पुत्री के विवाह तक योजना का लाभ दिया जाता है। विवाह के बाद अधिकतम 6 माह के समय में ई-मित्र से आवेदन करना आवश्यक है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda 117

मालवीय नगर शाखा, सी-30, हरि मार्ग, करधनी शॉपिंग सेन्टर के सामने, मालवीय नगर, जयपुर-302017, राजस्थान फोन नं.: 0141-2521630, ई-मेल: maljai@bankofbaroda.com

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि
निम्नहस्ताक्षरकर्ता **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी/जमानतदार (1) **मैसर्स जावी ट्रेड्स (ऋणी), (2) प्रोपराईटर श्री अभिषेक कुमार वशिष्ठ पुत्र श्री सुनील दत्त वशिष्ठ (3) श्री सुनील दत्त शर्मा (जमानतदार), (4) श्रीमती जया पूर्णिमा (जमानतदार)** पर मांग सूचना **दिनांक 10.09.2024** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 10.09.2024 को बकाया राशि रू. 54,87,940.68 (रूपये चौवन लाख सतासी हजार नौ सौ चालीस एवं पैसे अड़सठ मात्र) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 19, माह नवम्बर, वर्ष 2024** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8(1) के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।
ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 10.09.2024 को बकाया राशि रू. 54,87,940.68 (रूपये चौवन लाख सतासी हजार नौ सौ चालीस एवं पैसे अड़सठ मात्र) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, मालवीय नगर शाखा, जयपुर** के प्रभार के अधीन होगा।
आपका ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, 2002 के अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

बंधक अचल सम्पत्ति का वर्णन
सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री सुनील दत्त शर्मा पुत्र श्री रामप्रकाश शर्मा के नाम आवासीय भूमि एवं भवन जो प्लॉट नं. 37 (खसरा नं. 7) गौशाला कॉलोनी, ब्रह्मपुरी, गाँव दामापुर, धौलपुर, आगरा-रोड, धौलपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 166.66 वर्ग गज है। **सीमाएं**- पूर्व: प्लॉट नं. 38, पश्चिम: प्लॉट नं. 36, उत्तर: रोड, दक्षिण: प्लॉट नं. 6

दिनांक: 19.11.2024 हस्ता.
स्थान: जयपुर (राजस्थान) प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा